जो बोएगा वही पाएगा

जो बोएगा वही पाएगा,
तेरा किया आगे आएगा,
सुख दुख है क्या फल कर्मो का,
जैसी करनी वैसी भरनी,
जैसी करनी वैसी भरनी....

सबसे बड़ी पूजा है माता पिता की सेवा,
किस्मत वालों को ही मिलता है यह मौका,
हाथ से अपने खो मत देना,
मौका यह खिदमत का,
जन्नत का दर खुला जाएगा,
तेरा किया आगे आएगा,
सुख दुख है क्या फल कर्मो का,
जैसी करनी वैसी भरनी....

चाहे ना पूजे मूरत चाहे ना तीरथ जाए,
माता पिता के तन में सारे देव समाये,
तू इनको खुश रखेगा,
ईश्वर खुश हो जाए,
भगवान तुझको मिल जाएगा,
तेरा किया आगे आएगा,
सुख दुख है क्या फल कर्मो का,
जैसी करनी वैसी भरनी....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28720/title/jo-boyega-vahi-payega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |